आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 20.01.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में खेल अवस्थापनाओं के विकास और संरक्षण के लिए सरकार जल्द ही एक नीति तैयार करेगी।
- राज्य में निकाय चुनाव के लिये राजनीतिक दलों और निर्दलीय प्रत्याशियों का प्रचार अभियान चरम पर।
- एम्स ऋषिकेश के आयुष विभाग ने गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित और सामान्य प्रसव के लिए टेलर्ड योग की शुरुआत की है।
- भारत ने नई दिल्ली में पहले खो–खो विश्वकप में पुरूष और महिला खिताब जीतकर इतिहास रचा।
- बागेश्वर जिले में आयोजित उत्तरायणी मेला भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न।

खेल अवस्थापना विकास

प्रदेश में खेल अवस्थापनाओं के विकास और उनके संरक्षण के लिए सरकार जल्द ही एक नीति तैयार करेगी। यह नीति लेगेसी प्रोग्राम के तहत बनाई जाएगी, जिसका उद्देश्य खेल सुविधाओं को संरक्षित कर उनका सदुपयोग करना है। उन्होंने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए तैयार की गई सुविधाओं ने उत्तराखंड को खेल अवस्थापना के मामले में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल किया है। श्रीमती आर्या ने कहा कि राष्ट्रीय खेल के मद्देनज़र देहरादून, हरिद्वार, हल्द्वानी, अल्मोड़ा और रुद्रपुर समेत अन्य स्थानों में चल रहे सौंदर्यीकरण और निर्माण कार्य जल्द ही पूरे होंगे।

राष्ट्रीय खेल–तैयारियां

उत्तराखंड में 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियां तेज़ी से जारी हैं। राज्य सरकार और खेल विभाग मिलकर इस आयोजन को ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। देहरादून, हल्द्वानी, ऋषिकेश, नैनीताल और पिथौरागढ़ जैसे शहरों में खेल स्थलों का निर्माण और सुधार कार्य लगभग पूरा हो चुका है। ओपन स्टेडियम, इंडोर एरिना और स्विमिंग पूल जैसी आधुनिक सुविधाएं तैयार की जा रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि सभी कार्य 25 जनवरी तक पूरे कर लिये जांएगे।

शासन–प्रशासन स्तर से खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए विशेष आवासीय सुविधाएं तैयार की जा रही हैं। उनके भोजन और यात्रा के लिए भी उच्च स्तरीय व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। खेल स्थलों और आवासीय स्थानों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं, और विभिन्न स्थानों पर मेडिकल टीमों को तैनात किया जाएगा, जिसमें एम्बुलेंस और आधुनिक चिकित्सा उपकरण शामिल होंगे।
राष्ट्रीय खेलों को लेकर राज्यभर में उत्साह है। आयोजन का प्रचार–प्रसार तेज़ी से किया जा रहा है, जिसमें होर्डिंग्स, रैलियां और सोशल मीडिया अभियान शामिल हैं।

<u>चुनाव प्रचार– 01</u>

उत्तराखंड में निकाय चुनाव की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। प्रशासन ने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिये व्यापक प्रबंध किए हैं। चुनाव आयोग ने सभी जिलों में मतदान केंद्रों की व्यवस्था से लेकर सुरक्षा प्रबंधन तक हर पहलू पर विशेष ध्यान दिया है। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी लगाए गए हैं।
इस बीच, प्रत्याशियों का प्रचार अभियान जोरों पर है। सभी प्रत्याशी जनसंपर्क में जुटे हुए हैं। रैलियों और पदयात्राओं के साथ–साथ सोशल मीडिया पर भी प्रचार तेज हो गया है। डिजिटल माध्यमों का व्यापक इस्तेमाल करते हुए प्रत्याशी युवा मतदाताओं को आकर्षित करने की कोशिश कर रहे हैं। प्रमुख राजनीतिक दलों के नेता जनता को अपने पक्ष में करने के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं।

<u>चुनाव प्रचार– 02</u>

भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऊधमसिंह नगर की बाजपुर नगरपालिका क्षेत्र में रोड शो और जनसभा आयोजित कर भाजपा के उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार किया। उन्होंने कहा कि 23 जनवरी को भाजपा के पक्ष में किया हर वोट क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।
उधर, हरिद्वार में कांग्रेस ने स्थानीय निकाय चुनावों को लेकर प्रचार तेज कर दिया है। मेयर प्रत्याशी अमरेश बालियान ने विभिन्न वार्डों में जनसभाएं और जनसंपर्क अभियान चलाकर जनता से कांग्रेस के पक्ष में वोट देने की अपील की। उन्होंने भाजपा पर नता की समस्याओं को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया और कांग्रेस के संकल्प पत्र को आम जनता की जरूरतों का प्रतिनिधि बताते हुए जनता से पार्टी को समर्थन देने का अनुरोध किया।
गौरतलब है कि 23 जनवरी को निकाय चुनाव के लिये मतदान होगा, जबकि 25 जनवरी को चुनाव के परिणाम घोषित किये जांएगे।

नशा रोकथाम

हरिद्वार में स्थानीय निकाय चुनावों को देखते हुए चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान में पुलिस ने भारी मात्रा में शराब बरामद की। हरिद्वार जिले के वरिष्ठ पुलीस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल ने बताया कि हरिद्वार–सहारनपुर बॉर्डर पर भगवानपुर में एक बिना नंबर के कैंटर वाहन से 150 पेटी अंग्रेजी शराब पकड़ी गई। इसके अलावा मंगलौर और कोतवाली में भी शराब तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत अभियुक्तों का चालान किया है।

एम्स ऋषिकेश– टेलर्ड योग

एम्स ऋषिकेश के आयुष विभाग ने गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित और सामान्य प्रसव के लिए टेलर्ड योग की शुरुआत की है। एम्स की निदेशक प्रोफेसर मीनू सिंह ने बताया कि इस सत्र में गर्भवती महिलाओं को योग, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से शारीरिक और मानसिक लाभ दिए जाते हैं। नियमित रूप से सत्र में शामिल होकर महिलाएं डिलीवरी के समय होने वाली परेशानियों को कम कर सकती हैं। प्राकृ तिक चिकित्सा की मेडिकल ऑफिसर डॉ. स्वेता मिश्र के अनुसार, यह कार्यक्रम महिला और भ्रूण के विकास के हर चरण को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। हर तिमाही में सत्रों को बदलकर महिलाओं को विशेष अभ्यास कराया जाता है। इस दौरान महिलाओं को खानपान और मानसिक दृढ़ता बनाए रखने की सलाह भी दी जा रही है।

खो–खो विश्व कप– फाइनल

खो खो विश्व कप 2025 में भारतीय महिला टीम और पुरूष टीम ने फाइनल में नेपाल के खिलाफ बड़ी जीत हासिल कर पहले विश्व कप की ट्रॉफी अपने नाम कर इतिहास रच दिया है। फाइनल मुकाबले में भारतीय महिला टीम ने नेपाल को 78–40 से हराकर शानदार जीत हासिल की। इसके बाद, पुरुषों के फाइनल मैच में, भारत ने नेपाल को 54–36 से हराया। भारतीय टीम ने पहले ही मैच से नियंत्रण बना लिया था और सफलतापूर्वक नेपाल को अपनी रणनीति के तहत रखा।

उत्तरायणी मेला समापन

बागेश्वर जिले में आयोजित धार्मिक, ऐतिहासिक और पौराणिक उत्तरायणी मेले का भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने मेले को शांतिपूर्वक संपन्न कराने में सहयोग देने वाले सभी अधिकारियों, मेला कमेटी, ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों और सुरक्षा बलों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने मेले की सफलता पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि मेले हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं और इन्हें संरक्षित रखना सभी की जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी ने सांस्कृतिक दलों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल हमारी सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करते हैं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व का स्मरण भी कराते हैं।

यह मेला लोक संस्कृति से नई पीढ़ी को जोड़ने और कलाकारों को मंच प्रदान करने का माध्यम बनता है। समापन समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक दलों, विजेता प्रतिभागियों, मेला समिति के सदस्यों, नोडल अधिकारियों, जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों को सम्मानित किया गया।

मौसम

मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों के दौरान पश्चिमी विक्षोभ के कारण पश्चिमी हिमालय, जम्मू—कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी का अनुमान व्यक्त किया है। इस बीच, मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून ने आज उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना जताई है। इसके बाद, बाईस और तेईस जनवरी को राज्य के अनेक हिस्सों में बारिश और बर्फबारी का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार इन दो दिनों में राज्य के दो हजार पांच सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी हो सकती है।

आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——

प्रयागराज महाकुंभ मेले में आग की घटना को सभी समचार पत्रों ने प्रकाशित किया है। अमर उजाला लिखता है— कुंभ मेला क्षेत्र में आग, 280 कॉटेज जले, तत्परता से पाया हादसे पर काबू, कोई जनहानि नही।

यूसीसी की नियमावली पर आज लग सकती है कैबिनेट की मुहर। इस ख़बर के साथ दैनिक जागरण लिखता है— मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक आज। हरिद्वार मेडिकल कॉलेज को पीपीपी मोड़ को लेकर भी निर्णय संभव।

निकाय चुनाव की ख़बर पर हिदुस्तान समाचार पत्र लिखता है— दून में सबसे अधिक मतदाता, नौ लाख 98 हजार मतदाता करेंगे प्रत्याशियों के भाग्य का फेसला, पिथौरागढ़ में महिला मतदाताओं की संख्या अधिक। राष्ट्रीय सहारा की ख़बर है— निकाय चुनाव, प्रदेश में एक हजार 43 पोलिंग पूथ अति संवेदनशील। खेल विश्वविद्यालय, महिला स्पोर्ट्स कॉलेज का शिलान्यास करेंगे पीएम। अमर उजाला सामचार पत्र इस ख़बर को पहले पृष्ठ पर स्थान देकर लिखता है— 28 जनवरी को आ रहे हैं मोदी, 38 वें राष्ट्रीय खेलों का शुभारम्भ कर योजनाओं की करेंगे समीक्षा।

एक अन्य ख़बर पर राष्ट्रीय सहारा समाचार पत्र प्रदेश की खेल मंत्री रेखा आर्या के हवाले से लिखता है— खेल अवस्थापनाओं के संरक्षण के लिये नीति जल्द। समाचार पत्र के अनुसार प्रदेश में राष्ट्रीय खेलों के लिये आयोजन स्थलों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है।

बल्लूपुर—पांवटा राजमार्ग चौड़ीकरण में अतिक्रमण का पेच। इस शीर्षक के साथ दैनिक जारण लिखता है— जिलाधिकारी सविन बंसल की पहल पर गोल्डन फॉरेस्ट और अंडरपास की अड़न हुई दूर, अतिक्रमण पर कार्रवाई की आस।